Roll No. | | | | | | | |
रोल नं.

# Series SHC/2

Code No. कोड नं. **58/2/1**

- Please check that this question paper contains 7 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks: 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

***Note :***

*(i) All questions in both the sections are compulsory,*

*(ii) Marks for questions are indicated against each.*

*(iii) Questions No. **1** and **13** are very short-answer questions carrying **1** mark for each part. They are required to be answered in one sentence each.*

*(iv) Questions No. **2-5** and **14-17** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should normally not exceed **60** words each.*

*(v) Questions No. **6-9** and **18 -21** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should normally not exceed **70** words each.*

*(vi) Questions No. **10-12** and **22-24** are long-answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should normally not exceed **100** words each.*

*(vii) Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

*(viii) All parts of a question should be answered at one place.*

***नोट :***

*(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** तथा **13** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक भाग **1** अंक का है। इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही दिया जाना है।*

*(iv) प्रश्न संख्या **2-5** और **14-17** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **6-9** और **18-21** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या **10-12** और **22-24** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाएँ।*

(viii) *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर एक ही स्थान पर दिया जाना चाहिए।*

## SECTION A
## खण्ड अ

**1.** Answer the following questions : 1×4

(i) Define marginal opportunity cost.

(ii) Why is a production possibility curve concave ?

(iii) State two characteristics of resources which give rise to an economic problem.

(iv) Give two examples of microeconomic studies

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) सीमांत अवसर लागत की परिभाषा दीजिए।

(ii) उत्पादन संभावना वक्र अवतल क्यों होता है?

(iii) संसाधनों की वे दो विशेषताएँ बताइए जो आर्थिक समस्या को जन्म देती हैं।

(iv) व्यष्टि-आर्थिक अध्ययन के दो उदाहरण दीजिए।

**2.** Give meaning of (i) demand, (ii) normal good and (iii) inferior good. 3

(i) माँग, (ii) सामान्य वस्तु तथा (iii) घटिया वस्तु के अर्थ बताइए।

**3.** Explain the effect of 'input price changes' on the supply of a good. 3

'आगतों की कीमतों में परिवर्तन' के वस्तु की पूर्ति पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

**4.** Explain the relation between marginal revenue and average revenue. 3

सीमांत संप्राप्ति और औसत संप्राप्ति के बीच सम्बन्ध समझाइए।

**5.** Draw Average Total Cost, Average Variable Cost and Marginal Cost curves in a single diagram. 3

एक ही रेखाचित्र में औसत कुल लागत, औसत परिवर्तनीय लागत तथा सीमांत लागत वक्र खींचिए।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 5

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर**

When is supply of a commodity said to be (i) elastic, (ii) inelastic and (iii) perfectly inelastic ?

वस्तु की पूर्ति को (i) लोचदार, (ii) बेलोचदार व (iii) पूर्णतया बेलोचदार कब कहा जाता है ?

**6.** Price of a good rises from Rs. 10 per unit to Rs. 11 per unit. As a result quantity demanded of that good falls by 10 percent. Calculate its price elasticity of demand. 4

**OR**

A consumer buys 70 units of a good at a price of Rs. 7 per unit. When price falls to Rs. 6 per unit, he buys 90 units. Use Total Expenditure Method to find whether the demand for the good is elastic or inelastic.

एक वस्तु की कीमत 10 रु. प्रति इकाई से बढ़कर 11 रु. प्रति इकाई हो जाती है। परिणामस्वरूप उस वस्तु की माँग 10 प्रतिशत गिर जाती है। माँग की कीमत लोच का परिकलन कीजिए।

**अथवा**

एक उपभोक्ता 7 रु. प्रति इकाई पर एक वस्तु की 70 इकाइयाँ खरीदता है। जब उसकी कीमत गिरकर 6 रु. प्रति इकाई हो जाती है, तो वह 90 इकाइयाँ खरीदता है। यह ज्ञात करने के लिए कि वस्तु की माँग लोचदार है या बेलोचदार, कुल व्यय विधि अपनाइए।

**7.** Give meanings of (i) marginal physical product, (ii) fixed cost, (iii) variable cost, and (iv) total revenue. 4

(i) सीमांत भौतिक उत्पाद, (ii) स्थिर (अचल) लागत, (iii) परिवर्तनीय लागत, तथा (iv) कुल संप्राप्ति के अर्थ बताइए।

**8.** Calculate Marginal Cost and Total Cost from the following Cost Schedule of a firm whose Total Fixed Costs are Rs. 15 : 4

| Output (Unit) | Total Variable Cost (Rs.) |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 19 |
| 3 | 29 |
| 4 | 40 |

एक फर्म की कुल स्थिर लागत 15 रु. है और उसकी लागत अनुसूची नीचे दी गई है। सीमांत लागत और कुल लागत ज्ञात कीजिए :

| उत्पादन (इकाइयाँ) | कुल लागत (रु.) |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 19 |
| 3 | 29 |
| 4 | 40 |

**9.** How is the equilibrium price of a good determined ? Explain with the help of diagram a situation when both demand and supply curves shift to the right but equilibrium price remains the same. 4

एक वस्तु की संतुलन कीमत का निर्धारण कैसे होता है ? रेखाचित्र की सहायता से एक ऐसी स्थिति दिखाइए जिसमें माँग और पूर्ति दोनों वक्र दायीं ओर खिसक जाते हैं लेकिन संतुलन कीमत वही रहती है।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 9
**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर**

Explain with the help of a schedule how equilibrium price of a good is determined.

एक वस्तु की संतुलन कीमत का निर्धारण कैसे होता है ? एक अनुसूची की सहायता से समझाइए।

**10.** Explain the term 'change in demand' and represent the same graphically. Also state three factors responsible for 'change in demand'. 6

'माँग में परिवर्तन' पद का अर्थ समझाइए और इसको रेखाचित्र पर दिखाइए। ऐसे तीन कारक भी बताइए जो 'माँग में परिवर्तन' के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 10
**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर**

Explain the terms 'change in demand' and 'change in quantity demanded'. Also state three factors responsible for 'change in demand'.

'माँग में परिवर्तन' और 'माँग की मात्रा में परिवर्तन' पदों के बीच अंतर समझाइए। ऐसे तीन कारक भी बताइए जो 'माँग में परिवर्तन' के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं।

**11.** Distinguish between 'returns to a factor' and 'returns to scale'. Explain briefly returns to scale by giving numerical examples 6

'एक साधन के प्रतिफल' और 'पैमाने के प्रतिफल' के बीच अंतर बताइए। संख्यात्मक उदाहरण देते हुए पैमाने के प्रतिफल को संक्षेप में समझाइए।

**12.** Explain briefly three features of monopolistic competition. 6

**OR**

Explain the features of monopoly.

एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता की तीन विशेषताएँ संक्षेप में समझाइए।

**अथवा**

एकाधिकार की विशेषताएँ समझाइए।

## SECTION B
## खण्ड ख

**13.** Answer the following questions : 1×4

(i) What is macroeconomics ?

(ii) Give two examples of macroeconomic studies.

(iii) What is balance of trade ?

(iv) Give meaning of balance of payments.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) समष्टि अर्थशास्त्र किसे कहते हैं ?

(ii) समष्टि-आर्थिक अध्ययनों के दो उदाहरण दीजिए।

(iii) व्यापार शेष क्या होता है ?

(iv) भुगतान संतुलन का अर्थ बताइए।

**14.** Calculate Personal Disposable Income from the following data : 3

| | | *(Rs. crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Personal taxes | 60 |
| (ii) | Net national product at factor cost accruing to the private sector | 600 |
| (iii) | Undistributed profits | 10 |
| (iv) | National debt interest | 50 |
| (v) | Corporation tax | 100 |
| (vi) | Net current transfers from the rest of the world | (—) 20 |
| (vii) | Current transfers from government | 30 |

निम्नलिखित आँकड़ों से वैयक्तिक प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए :

| | | *(करोड़ रु.)* |
|---|---|---|
| (i) | वैयक्तिक कर | 60 |
| (ii) | निजी क्षेत्र को होने वाला कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद | 600 |
| (iii) | अवितरित लाभ | 10 |
| (iv) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 50 |
| (v) | निगम कर | 100 |
| (vi) | शेष विश्व से निवल पूँजीतर हस्तांतरण | (—) 20 |
| (vii) | सरकार से पूँजीतर हस्तांतरण | 30 |

**15.** In an economy, marginal propensity to save is 0.2. Investment increases by Rs. 100 crores. Calculate total increase in national income. 3

एक अर्थव्यवस्था में सीमांत बचत प्रवृत्ति 0.2 है और निवेश में वृद्धि 100 करोड़ रु. होती है। राष्ट्रीय आय में होने वाली कुल वृद्धि परिकलित कीजिए।

**16.** Give meanings of (i) cash reserve ratio, (ii) bank rate and (iii) open market operations. 3

(i) नकद रिर्जव अनुपात, (ii) बैंक दर तथा (iii) खुले बाजार की प्रक्रियाओं के अर्थ बताइए।

**17.** Distinguish between 'visible trade' and 'invisible trade' in balance of payments. Give one example of each. 3

भुगतान संतुलन में 'दृश्य व्यापार' और 'अदृश्य व्यापार' के बीच अंतर बताइए। प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए।

**18.** What is barter ? Explain the 'unit of value' function of money. 4

**OR**

What is money ? Explain the 'store of value' function of money.

वस्तु-विनिमय से क्या अभिप्राय है? मुद्रा का 'मूल्य की इकाई' कार्य समझाइए।

**अथवा**

मुद्रा से क्या अभिप्राय है? मुद्रा का 'मूल्य का संचय' कार्य समझाइए।

**19.** Explain the 'banker's bank and supervisor' function of the central bank. 4

केन्द्रीय बैंक का 'बैंकरों का बैंक और निरीक्षक' कार्य समझाइए।

**20.** Distinguish between direct tax and indirect tax. Give two examples of each. 4

प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर के बीच अंतर बताइए। प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए।

**21.** Distinguish between (i) tax and non-tax revenues and (ii) developmental and non-developmental expenditures. 4

(i) कर और गैर-कर राजस्वों के बीच तथा (ii) विकासात्मक और गैर-विकासात्मक व्ययों के बीच अंतर बताइए।

**22.** Calculate 'national income' and 'net national disposable income' from the following data : 4, 2

| | | *(Rs. crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Current transfers from government | 35 |
| (ii) | Private final consumption expenditure | 500 |
| (iii) | Net current transfers from the rest of the world | (—) 10 |
| (iv) | Government final consumption expenditure | 150 |
| (v) | Net factor income from abroad | (—) 20 |
| (vi) | Net domestic capital formation | 100 |
| (vii) | Net indirect tax | 120 |
| (viii) | Net exports | 50 |

निम्नलिखित आँकड़ों से 'राष्ट्रीय आय' तथा 'निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय' का परिकलन कीजिए:

| | | (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| (i) | सरकार से पूँजीतर हस्तांतरण | 35 |
| (ii) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 500 |
| (iii) | शेष विश्व से निवल पूँजीतर हस्तांतरण | (—) 10 |
| (iv) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 150 |
| (v) | विदेशों से निवल कारक आय | (—) 20 |
| (vi) | निवल देशीय पूँजी निर्माण | 100 |
| (vii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 120 |
| (viii) | निवल निर्यात | 50 |

**23.** Explain the income method of estimating national income. 6

**OR**

Explain the distinction between 'domestic product' and 'national product' on the basis of concepts of resident and domestic territory.

राष्ट्रीय आय मापने की आय विधि समझाइए।

**अथवा**

निवासी और देशीय क्षेत्र की अवधारणाओं के आधार पर 'देशीय उत्पाद' और राष्ट्रीय उत्पाद' के बीच अंतर समझाइए।

**24.** Explain determination of equilibrium level of income through the Savings - Investment approach. Use diagram. What changes will take place when the economy is not in equilibrium ? Explain. 6

बचत-निवेश दृष्टिकोण द्वारा आय के सतुलित स्तर का निर्धारण समझाइए। रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए। यदि अर्थव्यवस्था संतुलन में न हो तो क्या परिविव्रन आते हैं ? समझाइए।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 24

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर**

Explain determination of equilibrium level of income by the (i) Savings - Investment approach and (ii) Aggregate demand - Aggregate supply approach. What changes will take place when the economy is not in equilibrium ?

(i) बचत-निवेश दृष्टिकोण तथा (ii) समग्र माँग - समग्र आपूर्ति दृष्टिकोण द्वारा आय के संतुलित स्तर का निर्धारण समझाइए। यदि अर्थव्यवस्था संतुलन में न हो तो क्या परिवर्तन आते हैं ?